हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 2 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 33.3 डिग्री
न्यूनतम 23.9 डिग्री

13 पेंशन के दस्तावेज सत्यापन में अव्यवस्था से परेशानी



14 अतिक्रमण हटा दी राहत, दुकानदारों को थमाए नोटिस



# अब जिले में नए कलेक्टर रेट पर ही होगी रजिस्ट्री

## उपायुक्त ने अधिकारियों ककलेक्टर रेटों की समीक्षा बैठक की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में कलेक्टर रेट निर्धारित किए गए हैं। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला में वर्ष 2025-26 के नए कलेक्टर रेट आज से लागू हो गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी निर्धारित कलेक्टर रेटों पर ही रजिस्टरी करना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

जिला में निर्धारित हुए कलेक्टर रेंटों की समीक्षा के लिए उपायुक्त सुशील सारवान ने शुक्रवार को संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला के सभी शहरों व गांवों के वर्ष 2025-26 के नए कलेक्टर रेटों को जिला सोनीपत की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति को अपलोड किए गए कलेक्टर रेट को लेकर कोई आपत्ति है या वह सुझाव देना चाहता है तो वह अपने क्षेत्र से संबंधित उपमंडल अधिकारी नागरिक कार्यालय, तहसीलदार व नायब तहसीलदार के कार्यालय में दावे एवं आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। जो लिखित में वाजिब साक्ष्य सहित दिया जाना चाहिए, अन्यथा मान्य नहीं होगा।



### समय पर कार्यालय पहुंचे अधिकारी

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय पर कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें और कार्यालय में आपके पास कोई व्यक्ति किसी कार्य के लिए आता है तो उसके साथ अच्छा व्यवहार करते हुए उसकी मदद करने का प्रयास करें। इस मौके पर एसडीएम गोहाना अंजलि श्रोत्रिय, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम खरखौदा डॉ० निर्मल नागर, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, डीआरओ कनव लाकड़ा, डीआईओ विशाल सैनी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सीआरपीएफ जवान की हत्या के 3 आरोपित काबू

**गोहाना।** सीआईए व क्राइम यूनिट ने सीआरपीएफ जवान की हत्या के तीन आरोपी काबू किए हैं। जिनकी पहचान खेड़ी दमकन निवासी प्रवीण, मोहित व सागर के रूप में हुई है। सदर पुलिस ने आरोपियों को अदालत से एक दिन के रिमांड पर लिया। सीआरपीएफ जवान खेड़ी दमकन निवासी कृष्ण 30 दिन की छुट्टी आया हुआ था। कांवड़ लाते समय रास्ते में आरोपियों के साथ विवाद हो गया। जिसके चलते आरोपियों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने जांच के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## खबर संक्षेप

### लहरी सिंह पार्क में मिला अज्ञात युवक का शव

**गन्नौर।** नगर पालिका रोड पर लहरी सिंह पार्क में वीरवार की सुबह अज्ञात युवक का शव बैंच पर पड़ा मिला। सूचना के बाद पुलिस एसएफएल की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव को अस्पताल भेज दिया। दस्तावेज नहीं मिलने से मृतक की पहचान नहीं हो पाई। सुबह जब लोग टहलने के लिए पार्क पहुंचे, तो बैंच पर युवक का शव पड़ा था। पहले तो लोगों को भ्रम हुआ कि युवक सो रहा है, लेकिन जब कई बार आवाज देने पर कोई हरकत नहीं हुई, तो नजदीक जाकर देखने पर वह मृत मिला।

### अवैध हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** सीआईए ने अवैध हथियार में शामिल उत्तम नगर गोहाना के अजय उर्फ झाऊ को गिरफ्तार किया है। उस पर पहले भी कई मामले दर्ज हैं। पुलिस को मोर चौक गोहाना पर आरोपी के बैग से दो देशी पिस्तौल व दो जिन्दा कारतूस मिले। जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## नागरिक अस्पताल में बढ़ी मरीजों की भीड़, दिव्यांग शिविर में लगी डॉक्टरों की ड्यूटी

# घंटों कतार में खड़े रहने के बाद भी बिना इलाज के घर लौटने को मजबूर

आंख, कान, नाक व हड्डी रोग ओपीडी में बढ़ी मरीजों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत







नागरिक अस्पताल सोनीपत में शुक्रवार को ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ देखी गई। बृहस्पतिवार को अवकाश होने के कारण शुक्रवार को अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों की संख्या सामान्य से कहीं अधिक रही। हालात तब और बिगड़ गए जब ओपीडी में तैनात कुछ विशेषज्ञ चिकित्सकों की ड्यूटी दिव्यांग प्रमाण पत्र शिविर में लगा दी गई। जिसके चलते घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी मरीजों का उपचार नहीं मिला पाया। मरीजों ने प्रबंधन से व्यवस्था को दुरूस्त करने की मांग की है।

नागरिक अस्पताल में मौजूदा समय में दो हजार से ज्यादा की ओपीडी रजिस्ट्रेशन संख्या है। अस्पताल में उपचार के लिए मरीजों को घंटों लाइन में खड़े रहने पर मजबूर होना पड़ रहा है। शुक्रवार को आयोजित विशेष दिव्यांग शिविर में अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ, कान रोग विशेषज्ञ और हड्डी रोग विशेषज्ञ की ड्यूटी शिविर में लगा दी गई, जिससे ओपीडी में मरीजों को चिकित्सा सेवा नहीं मिल पाई। मरीजों को एक ओर जहां लंबी कतारों में खड़ा रहना पड़ा, वहीं दूसरी ओर संबंधित चिकित्सक न मिलने के कारण कई मरीजों को बिना इलाज के लौटना पड़ा।

### शुक्रवार को ओपीडी में पहुंचे थे 700 मरीज

जानकारी के अनुसार करीब 700 से अधिक मरीज ओपीडी उक्त ओपीडी पहुंचे थे, जिनमें से अधिकांश नेत्र, हड्डी और ईएनटी रोगों से संबंधित थे। लेकिन इन विशेषज्ञों की अनुपस्थिति के चलते उन्हें या तो दूसरे दिन आने की सलाह दी गई या फिर निजी क्लिनिक का रुख करना पड़ा। भीड़ और अव्यवस्था के चलते बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर रोगियों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ा। कई मरीजों उनके परिजनों ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि अस्पताल प्रशासन को इस प्रकार की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करनी चाहिए थीं, ताकि ओपीडी और शिविर दोनों ही सुचारु रूप से संचालित हो सकें। लोगों ने मांग की है कि भविष्य में जब भी विशेष शिविर आयोजित किए जाएं, तो ओपीडी सेवाओं को बाधित न किया जाए और आवश्यक वैकल्पिक इंतजाम किए जाएं।

### मरीजों की सुविधा के लिए उठा रहे हर संभव कदम

दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए पांच दिन का शिविर अस्पताल परिसर में लगाया गया था। जिसके चलते चिकित्सकों की ड्यूटी कैंप में लगाई गई थी। हड्डी रोग के लिए ओपीडी 15 में सुविधा उपलब्ध थी। वहीं अन्य ओपीडी में चिकित्सक नदारद रहने के चलते मरीजों को परेशानी करनी पड़ी। इस संबंध में प्रबंधन की तरफ से जरूरी कदम उठाने का काम किया जा रहा है। मरीजों की सुविधा के लिए हर संभव जरूरी कदम उठाने का काम किया जाता है।

*-डा. संदीप लठवाल, मीडिया नोडल अधिकारी नागरिक अस्पताल।*



सोनीपत। आरोपित संदीप व कट्टे में सील रुपयों के साथ मौजूद टीम।

## स्कूल क्लर्क 30 लाख रिश्वत लेते पकड़ा पुलिस इंस्पेक्टर के नाम पर की थी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एंटी करप्शन ब्यूरो रोहतक की इकाई सोनीपत टीम ने बृहस्पतिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर के नाम पर 30 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए युवक को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। युवक इंस्पेक्टर के भाई के निजी स्कूल में कार्यरत है। आरोप है कि दिल्ली के अलीपुर थाना में दर्ज दो मामलों में राहत देने की एवज में इंस्पेक्टर ने रिश्वत की मांग की थी। एसीबी इंस्पेक्टर की तलाश में दबिश दे रही है। एक टीम आरोपित इंस्पेक्टर को गिरफ्तार करने दिल्ली गई हुई है। समाचार लिखे जाने तक उसकी गिरफ्तारी नहीं दिखाई गई है। गांव बड़वासनी निवासी विपिन ने एसीबी को बताया कि उनके रिश्तेदार दिल्ली के नरेला निवासी प्रवीण लाकड़ा प्रॉपर्टी डीलर का करते हैं। उनका नरेला के ही प्रवीन गुप्ता से विवाद चल रहा है। प्रवीन ने उनके रिश्तेदार प्रवीन लाकड़ा के खिलाफ जबरन रुपये मांगने व मारपीट के दो मुकदमे दर्ज करा रखे हैं। दोनों मामलों की जांच अब अलीपुर थाना में दर्ज है। मामले की जांच को दिल्ली की डिवीजनल इंटेलीजेंस यूनिट में तैनात इंस्पेक्टर सुनील जैन को सौंपी गई थी। आरोप है कि सुनील जैन ने वर्ष 2024 में दर्ज जबरन रुपये मांगने के मामले में धारा हटाने और वर्ष 2025 में दर्ज मारपीट के मामले को निरस्त करने के नाम पर एक करोड़ रुपये की मांग की थी। 70 लाख रुपये में सौदा हुआ था।

बृहस्पतिवार को सुनील जैन के भाई के निजी स्कूल में तैनात क्लर्क को रुपये देने की बात की। एसीबी की टीम ने जाल बिछाया। रिश्वत के 30 लाख रुपये लेकर विपिन जाहरी चौक के पास स्थित स्कूल में आया था। यहां स्कूल में कार्यरत संदीप को रिश्वत की राशि दी गई थी। राशि इंस्पेक्टर सुनील जैन के नाम पर दी गई थी। इंस्पेक्टर प्रमिला की टीम ने संदीप को रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा। आरोपित संदीप को काबू करने के दौरान इंस्पेक्टर प्रमिला, एएसआई रेणू, एचसी प्रवीन, एचसी नवीन व आरोपित सुनील जैन को काबू करने के लिए डीएसपी सोमबीर, इंस्पेक्टर देवेंद्र, प्रवीन,संदीप मौजूद रहे।

### मांगें थे एक करोड़

दिल्ली में दर्ज दो मामलों में एक करोड़ रुपये की डिमांड की गई थी। इसमें 70 लाख रुपये में दोनों का समझौता हो गया था। दोनों मुकदमे अलीपुर थाने में दर्ज है। जिसकी जांच इंस्पेक्टर सुनील को सौंपी गई थी। मामले में सुनील के कहने पर संदीप को रिश्वत देनी थी। संदीप निवासी सरस्वती विहार को 30 लाख रुपये की रिश्वत सहित काबू कर लिया है।

*-इंस्पेक्टर प्रमिला एसीबी सोनीपत।*

### दूसरी टीम दिल्ली रवाना

एसीबी की इंस्पेक्टर प्रमिला ने बताया कि आरोपित इंस्पेक्टर सुनील जैन की गिरफ्तारी के लिए एसीबी की दूसरी टीम डीएसपी रोहतक सोमबीर के नेतृत्व में दिल्ली में दबिश दे रही है। सूत्रों की तरफ से बताया जा रहा है कि पुलिस ने दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर सुनील जैन को राउंडअप कर दिया गया, लेकिन विभागीय अधिकारी फिलहाल इसकी पुष्टि करने से बच रहे हैं।

## सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर बार एसो. किया ने केस, जज ने इंस्पेक्टर को लगाई फटकार

**खरखौदा।** बार एसोसिएशन खरखौदा बनाम अमर कटारिया एवं अन्य के मुक़दमे में सुनवाई हुई। जिसमें अमर कटारिया जो वर्तमान में रोहतक जिले में बतौर उप निरीक्षक, ट्रैफिक इंचार्ज नियुक्त है। इन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम, एवं यूट्यूब पर रील डाली हैं। जिसमें एमडी यूनिवर्सिटी रोहतक एवं उससे कानून की डिग्री प्राप्त किए वकीलों पर अशोभनीय टिप्पणी की थी। जिससे आहत वकीलों ने बार प्रधान आशुतोष सरोहा को प्रतिवादी के खिलाफ मुकदमा दायर करने का आग्रह किया। मुकदमे पर संज्ञान लेते हुए माननीय विक्रांत सिविल जज खरखौदा ने प्रतिवादी को कोर्ट में तलब किया। दोनों पक्षों को बहस सुनने के बाद प्रतिवादी को कड़ी फटकार लगाई और साथ ही एसपी रोहतक व डीजीपी हरियाणा को इस बात पर संज्ञान लेने के लिए हिदायत दी, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति पुलिस वर्दी का दुरुपयोग नहीं करे। इसी के साथ प्रतिवादी अमर कटारिया को अदालत ने आदेश दिया कि अगले 24 घंटे में सोशल मीडिया से सारी आपत्तिजनक रील को हटा कर माननीय अदालत में 2 अगस्त को अपनी रिपोर्ट दर्ज करवाये। इस मुकदमे में बार एसोसिएशन खरखौदा की तरह से कमल शर्मा ने बतौर वकील पक्ष रखा।

## गोली मारकर बहन की हत्या के आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सदर थाना क्षेत्र के गांव बड़वासनी में बहन को गली में पांच गोलियां मारकर बेरहमी से हत्या करने के आरोपित परमजीत निवासी बड़वासनी को पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लेकर अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। आरोप है कि उसने अपनी जीजा व रिश्तेदार के उकसाने पर अपनी बहन को गोलियां मारकर मौत के घाट उतार दिया था। गांव बड़वासनी निवासी राजकुमार ने गत 7 मई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। उसके बेटी प्रीति की शादी वर्ष 2019 में सचिन निवासी छाजुगढ़ी के साथ की थी। शादी के बाद उसकी बेटी के पास चार साल का लड़का है। करीब चालीस दिन पहले उसका दामाद सचिन उसकी बेटी को घर पर छोड़कर चला गया। सचिन ने बताया कि उनकी बेटी किसी दूसरे लड़के से बातचीत करती है। उसके बाद सचिन ने उसकी बेटी के पास दो-तीन बार कॉल कर उसे गाली-गलौज की। बुजुर्ग ने बताया कि उसका बेटा परमजीत आवारा किस्म का लड़का है।

### पुलिस जवान जीजा ने बहन के खिलाफ भड़काया

वह करीब 15 दिन पहले जेल से बाहर आया है। सचिन व उसका जीजा विकास जोकि हरियाणा पुलिस में तैनात है। उसकी हालत में ड्यूटी गन्नौर क्षेत्र में है। उसके बेटे परमजीत को उसकी बेटी के खिलाफ भड़काते रहते है। उसकी बेटी की हत्या करने के लिए उकसा रहे थे। उसके बेटे परमजीत को सचिन व विकास ने हत्या के लिए उकसाया। उसके बेटे ने उसकी बेटी प्रीति की गोलियां मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित परमजीत को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। आरोपित को एसटीएफ रोहतक की टीम ने गिरफ्तार किया था। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

## धोखाधड़ी से बेच दिया मकान रजिस्ट्री करवाने से किया इनकार आरोपी गिरफ्तार, रिमांड पर

**सोनीपत।** कुंडली थाना में धोखाधड़ी करके मकान बेचने व रजिस्ट्री न करवाकर रुपये ठगने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान जितेंद्र प्रसाद निवासी पटना बिहार हाल में शिवपुर कॉलोनी कुंडली के रूप में हुई। आरोपित को अदालत से दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गांव सेरसा निवासी देव प्रकाश 25 जुलाई को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसने एक मकान कुंडली में दस लाख रुपये में खरीदा था। उसने तीन दिसंबर 2021 को तीन लाख रुपये नगद अदा कर दिए थे। रजिस्ट्री बंद होने के कारण एनओसी नहीं मिल रही मिल रही थी। उसके बाद दो मार्च 2023 को दस लाख रुपये व नौ लाख 36 हजार रुपये अदा किए गए। उसके बाद भी उसे रजिस्ट्री नहीं मिल पाई। विक्रेता जितेंद्र प्रसाद ने उसे कब्जा नहीं दिया। वह बार-बार मांग करता रहा कि मकान की रजिस्ट्री करवा दे, लेकिन वह बात से मुकर गया। उसके बाद उसे आत्महत्या के केस में फसाने की धमकी दी। उसके भाई सतीश कुमार ने उसे जान से मारने की धमकी दी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। एएसआई दीपक की टीम ने आरोपित जितेंद्र प्रसाद को शिवपुर कॉलोनी कुंडली को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर रिमांड लिया।

### संदिग्ध हालत में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**सोनीपत।** राई थाना के बढमलिक में संदिग्ध हालत में युवक का शव फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना पर पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। गांव बढमलिक निवासी महेंद्र ने बताया कि उसने चाय का खोखा कर रखा है। उसका बेटा कर्ण (19) बिजली का कार्य सीखता था। बृहस्पतिवार को वह उसे खाना देकर घर चला गया। जब वह घर पहुंचा। उसने ऊपर वाले कमरे में जाकर देखा तो कर्ण फंदे से लटका हुआ मिला।

## पांच दिवसीय चरित्र निर्माण शिविर का शुभारंभ

# शिक्षा के साथ संस्कारों का समावेश

- विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने किया विधिवित शुभारंभ
- प्रोफेसर सुदेश ने कहा विश्वविद्यालय महिला सशक्तिकरण के किसी भी प्रयोग के लिए बेहतर स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



भिवानी। कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य अतिथिगणों को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्राचार्य सुमिता सिंह।

*फोटो : हरिभूमि।*

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि),खानपुर कलां स्थित कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के लिए 5 दिवसीय चरित्र निर्माण एवं वैदिक चेतना शिविर का शुभारंभ हो गया। आर्य वीरांगना दल सोनीपत के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्य सुमिता सिंह ने की।

उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए किसी भी प्रकार के प्रयोग के लिए कन्या गुरुकुल व महिला विवि से बढक़र कोई अन्य स्थान नहीं हो सकता है। महिला विवि में शिक्षा के साथ संस्कारों का भी समावेश है।

### कन्या गुरुकुल से विवि की पहचानः डॉ भार्गव

डॉ. नरेश भार्गव ने कहा कि महिला विवि की पहचान कन्या गुरुकुल से है। आजादी से पूर्व महिला शिक्षा व महिला कल्याण के लिए शुरू किया गया कन्या गुरुकुल देश के कोने कोने में अपनी पहचान बनाए हुए है। विदेशों में भी हमारी स्नातिकाएं कन्या गुरुकुल के संस्कारों के साथ आगे बढ़ रही हैं। डॉ भार्गव ने आर्य शब्द का अर्थ उत्कृष्ट, सम्माननीय और मानवता के कल्याण के लिए बताया।

### ये रहे मौजूद

सार्वदेशिक आर्यवीर दल के प्रदेश सह संचालक संदीप आर्य, जिला संचालक भगत सिंह व संचालिका आर्य वीरांगना दल सोनीपत पूनम भूटानी, प्रधान आर्य समाज सोनीपत रविंद्र आर्य, सचिव आर्य वीर दल सोनीपत दीपक आर्य ने विचार रखे। कार्यक्रम में विवि के पूर्व छात्रा संघ द्वारा कन्या गुरुकुल की छात्राओं के लिए खेल का सामान भी भेंट किया। इस मौके पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. श्वेता सिंह व विवि कैंपस स्कूल प्राचार्य डॉ. सरोज सिंह मौजूद रहे।



सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद डाक सेवक एवं अन्य।

## डाक सेवकों की समस्याओं पर मंथन

- आईटी 2.0 तकनीक पर दी गई जानकारी।

**सोनीपत।** प्रधान डाकघर में आज उपमंडल क्षेत्र के समस्त ग्रामीण डाक सेवकों की समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण संवाद सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता सहायक डाक अधीक्षक सोनीपत महेश कुमार ने की, जिन्होंने ग्रामीण डाक सेवकों की समस्याएं सुनीं और अधिकांश का मौके पर ही समाधान कर दिया।

जिसका उद्देश्य फील्ड स्तर की व्यावहारिक समस्याओं का निराकरण करना और तकनीकी उन्नयन के प्रति डाक कर्मियों को जागरूक करना रहा। इस अवसर पर आईटी 2.0 (एपीटी – एडवांस्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी) के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे भविष्य में डाक सेवाओं की गुणवत्ता और दक्षता में वृद्धि हो सके। बैठक में राजकुमार , एपीएम जोधगिंदर राणा, परिमंडल सचिव अमन नरवाल, डाक सहायक संदीप, सोनपाल, पोस्टमास्टर अशोक राठी मौजूद रहे।





एक स्वस्थ घोड़ा 44 किमी प्रति घंटे की चाल से दौड़ सकता है।



बिल्लियों के हर कान में 32 मांसपेशियां पाई जाती हैं।

# इवेंट मैनेजमेंट का कोर्स कर बनाएं अच्छा करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

इवेंट मैनेजमेंट कोर्स करना व इवेंट मैनेजमेंट के पोस्ट पर चयनित होना हर विद्यार्थी के लिए खुशी का पल माना जाता है। हर विद्यार्थी का करियर में सफल होने का सपना होता है। हर विद्यार्थी जाता है। कि वह आगे बढ़कर एक सफल करियर में प्रवेश करें। विद्यार्थी अपने करियर को सफल बनाने के लिए कई प्रकार की डिग्री व डिप्लोमा का सहारा लेता है। 12वीं कक्षा पास करने के बाद अलग-अलग प्रकार के डिग्री व डिप्लोमा विद्यार्थी के सामने उपलब्ध होते हैं। डिग्री और डिप्लोमा बहुत सारे होते हैं। जिसमें इवेंट मैनेजमेंट कोर्स भी शामिल है। आज के आर्टिकल में हम इस कोर्स की जानकारी देंगे।

## इवेंट मैनेजमेंट कोर्स क्या है

किसी भी शादी व पार्टी के लिए इवेंट को मैनेजमेंट करने वाला व्यक्ति इवेंट मैनेजर कहलाता है। इवेंट मैनेजमेंट करने से पहले विद्यार्थी के पास इवेंट मैनेजमेंट कोर्स का सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। इवेंट मैनेजमेंट कोर्स एक प्रकार का डिप्लोमा कोर्स है। जिसे विद्यार्थी 12वीं कक्षा पास करने के पश्चात हासिल कर सकता है। सनातन की डिग्री के साथ साथ भी विद्यार्थी इवेंट मैनेजमेंट कोर्स को कर सकता है और अपने कैरियर को बना सकता है। आज के समय में सबसे लोकप्रिय डिप्लोमा में इवेंट मैनेजमेंट कोर्स भी शामिल है। हर विद्यार्थी इस कोर्स में अधिक रुचि रखता है। इवेंट मैनेजमेंट डिप्लोमा कोर्स 2 वर्षीय डिप्लोमा कोर्स है। जिसको पूरा करने के पश्चात विद्यार्थी को इवेंट मैनेजमेंट का सर्टिफिकेट मिल जाता है।

## ऐसे बना सकते हैं करियर

इवेंट मैनेजमेंट डिप्लोमा करने के बाद विद्यार्थी अपना करियर आसानी से बना सकता है। अगर विद्यार्थी को समारोह या किसी भी फंक्शन की प्लानिंग करने में बेहतरीन रुचि है। तो विद्यार्थी को यह डिप्लोमा करके अपने करियर को यहीं पर सफल बना देना है। किसी भी कार्यक्रम का आयोजन होने से पहले कार्यक्रम के आयोजन कर्ता इवेंट मैनेजर से मिलते हैं और इवेंट के बारे में पूरी प्लानिंग करते हैं। ऐसे में यदि आप भी इवेंट मैनेजर बन जाते हैं। तो आप भी अपना कैरियर इस क्षेत्र में सफल कर सकता है। यदि आप भी इवेंट मैनेजर बनने का सपना देख रहे हैं तो आप इवेंट मैनेजमेंट की डिग्री व डिप्लोमा को सबसे पहले कंप्लीट करना होगा। और उसके पश्चात ही आपको इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। हालांकि यहां डिग्री व डिप्लोमा के साथ-साथ आपके माइंड की स्किल बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं।

## इन चरणों को फॉलो करना होगा

- सर्वप्रथम विद्यार्थी को 12वीं पास करना होगा।
- 12वीं कक्षा पास करने के पश्चात विद्यार्थी अपने नजदीकी किसी भी इवेंट मैनेजमेंट कोर्स उपलब्ध करवाने वाली कॉलेज में जाकर अपने एडमिशन के लिए एप्लीकेशन जमा कर सकता है।
- जब आप एडमिशन के लिए जाते हैं। तो कई ऐसे कॉलेज मौजूद है, जहां पर आपको एडमिशन से पहले एक एंट्रेंस एग्जाम में शामिल होना होगा।
- एंट्रेंस एग्जाम पास करने के पश्चात ही आप को एडमिशन दिया जाएगा।
- कई ऐसे कॉलेज है, जो आपको 12वीं के अंकों के आधार पर भी एडमिशन उपलब्ध करवा देते हैं।
- अलग-अलग चरणों के माध्यम से एडमिशन मिलने के पश्चात आपको अपने आवेदन फीस के साथ एडमिशन को कंफर्म कर लेना है।
- अब विद्यार्थी को 2 वर्ष के इस डिप्लोमा को पूरा करना है और इवेंट मैनेजमेंट कोर्स का सर्टिफिकेट हासिल करना है।

## आगे बढ़ने के ढेर सारे मौके

### करियर स्कोप

जब कोई भी विद्यार्थी किसी भी डिग्री व डिप्लोमा कोर्स को पूरा करता है। तो उसके पश्चात विद्यार्थी के दिमाग में एक ही सवाल उत्पन्न होता है कि इस कोर्स को करने के पश्चात मेरे लिए भविष्य में कौन-कौन से करियर के स्कोर पर मौजूद होंगे। इवेंट मैनेजमेंट का कोर्स करने वाले विद्यार्थी को नाम से ही पता चल जाता है, कि करियर के स्कोप के तौर पर उसे इवेंट मैनेजर का काम करना होगा। लेकिन इवेंट मैनेजमेंट डिप्लोमा के पश्चात कौन-कौन से अन्य करियर स्कोप मौजूद होते हैं।

**कोर्स फीस :** विद्यार्थी किसी भी डिप्लोमा कोर्स या डिग्री लेने से पहले उस कोर्स को करने में कितनी फीस लगेगी इसके बारे में आकलन लगाना पसंद करता है। क्योंकि हर विद्यार्थी अमीर परिवार से नहीं होता है। हर विद्यार्थी अपने अपने स्टैंडर्ड के हिसाब से ही डिग्री और डिप्लोमा लेने के बारे में सोचता है। इस कोर्स को करने के लिए सरकारी कॉलेज में 20000 रुपये तक का प्रतिवर्ष खर्चा आता है तो प्राइवेट कॉलेज में इस डिप्लोमा को करने का 100000 रुपये प्रति वर्ष तक खर्चा आता है और कई ऐसे प्राइवेट कॉलेज है। जहां इससे भी अधिक फीस आपको देनी पड़ती है।

### यहां मिलता रोजगार

- शादी
- समारोह
- अवॉर्ड समारोह
- टीवी शो
- म्यूजिक लॉन्च
- म्यूजिक समारोह
- फिल्म अवॉर्ड
- फैशन शो
- थीम पार्टी
- प्रदर्शनी
- कोरपोरेट सेमिनार
- बर्थडे पार्टी समारोह

### मिलते बहुत सारे विकल्प

जब विद्यार्थी 12वीं कक्षा पास करके इवेंट मैनेजमेंट कोर्स के लिए आगे बढ़ता है। तो विद्यार्थी के सामने बहुत सारे विकल्प खड़े हो जाते हैं। जिसमें से किसी भी एक कोर्स का चयन करके विद्यार्थी को इवेंट मैनेजमेंट कोर्स को पूरा करना होता है। इवेंट मैनेजमेंट के कौन कौन से कोर्स है।

**सर्टिफिकेट कोर्स इन इवेंट मैनेजमेंट**
**डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट**
**पीजी डिप्लोमा इन मीडिया एंड इवेंट मैनेजमेंट**
**बेचलर इन इवेंट मैनेजमेंट, बीएससी इन इवेंट मैनेजमेंट, बीबीए इन इवेंट मैनेजमेंट, बीए इन इवेंट मैनेजमेंट, मास्टर इन इवेंट मैनेजमेंट, एमबीए इन इवेंट मैनेजमेंट**

## देश की सुरक्षा करने के लिए विशाल सेना की आवश्यकता

# इंडियन नेवी में बनाएं करियर, अच्छी सैलरी के साथ-साथ मिलेगा देश सेवा का भी मौका



जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## भारतीय नौसेना काफी ताकतवर



भारत देश अनेक सारे देशों की सीमाओं से सटा हुआ एक विशाल देश है। भारत की सीमाएं तीन से चार दुश्मन देशों से मिलती है। ऐसी स्थिति में देश की सुरक्षा करने के लिए एक विशाल सेना की आवश्यकता होती है। विशाल सेना के अंतर्गत नेवी भी शामिल है। बता देते हैं कि भारत के दक्षिण दिशा में विशालकाय समुद्र है। जहां से देश की सुरक्षा करना बहुत बड़ी चुनौती है और बहुत जरूरी भी है। ऐसी स्थिति में भारतीय नेवी का गठन किया गया है। यह काफी ताकतवर भारतीय सेना है, जो समुद्री मार्ग से आने वाले दुश्मनों का सामना करती है और देश को हमेशा सुरक्षित बनाए रखती है। इंडियन नेवी को हिंदी में नौसेना कहते हैं। यह फौज सामान्य फौज की तुलना में काफी ताकतवर होती है। इनके पास विशालकाय पानी वाले जहाज और पानी में चलने वाले हथियार होते हैं। इसके अलावा इन सैनिकों को पानी में युद्ध करने की पूरी ट्रेनिंग दी जाती है, ताकि कभी भी युद्ध होने पर पानी में भी भारतीय सेना मुकाबला कर सकें। समुद्र में विभिन्न प्रकार के तत्व और तेल पाए जाते हैं। इसीलिए भारतीय सीमा के अंतर्गत आने वाले समुद्र की रक्षा भी इंडियन नेवी द्वारा ही की जाती है। इसके अलावा समुद्री मार्ग से होने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापार भी नेवी की नजर से होकर गुजरता है। इंडियन नेवी दुनिया के सबसे ताकतवर नेवी में से एक है। समय-समय पर आपने टेलीविजन पर देखा होगा, कि किस तरह से इंडियन नेवी द्वारा युद्धाभ्यास किया जाता है और सरकार द्वारा भी विभिन्न प्रकार के हथियार इंडियन नेवी को उपलब्ध कराए जाते हैं। हाल ही में विक्रांत नाम का सबसे बड़ा और विशालकाय जहाज इंडियन नेवी को मिला है, जिसे समुद्र में उतार कर युद्ध अभ्यास भी किया जा चुका है। इस तरह के युद्धाभ्यास के बाद दूसरे देशों की सेना भी भारतीय सेना से टकराने के लिए एक हजार बार सोचती है। भारतीय नेवी अफसरों को काफी सम्मान मिलता है। इसीलिए आज के समय के अनेक सारे युवा इंडियन नेवी के तहत जॉब करना चाहते हैं। लेकिन उन्हें इस विषय में कोई जानकारी नहीं है।



### समुद्री इलाके में तैनाती

समुद्री इलाके में देश की सुरक्षा के लिए नौसेना को तैनात किया जाता है। भारतीय नेवी के पास हर तरह के हथियार और उपकरण है, जिसकी मदद से वह देश की सुरक्षा के साथ किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। इंडियन नेवी का सबसे बड़ा अधिकारी नौसेना अध्यक्ष होता है तथा इस सेना की सर्वोच्च कमान भारत के राष्ट्रपति के पास होती हैं। पश्चिमी देशों में प्राचीन काल से ही समुद्री यात्राएं की जाती है। लेकिन भारत में पहले ऐसा नहीं होता था। जब भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपने कदम रखें, तो वे समुद्री मार्ग से ही आए थे और उसके बाद समुद्र मार्ग से ही भारत के साथ पश्चिमी देशों में व्यापार शुरू कर लिया और समुद्र के रास्ते से ही सभी तरह के व्यापार किए जाते थे। समुद्र के रास्ते विभिन्न देशों की यात्राएं होती थी। इसीलिए महाराष्ट्र के छत्रपति शिवाजी महाराज ने सन 1674 में अपने शासनकाल में समुद्री सेवा की स्थापना की थी, उसे ही भारतीय इतिहास में इंडियन नेवी स्थापना कहा जाता है।

### लंबा इतिहास

भारतीय नौसेना का इतिहास काफी पुराना है। भले ही आज के समय में इंडियन नेवी को अंग्रेजों की देन कहते हैं या अंग्रेजों को ही इंडियन नेवी का श्रेय देते हैं। लेकिन यह पूरी तरह से सही नहीं है क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने शासनकाल में समुद्री सेना का विस्तार कर दिया था, जिसके बाद आए अंग्रेजों ने अपने हिसाब से उसे विकसित किया और बड़े पैमाने पर फैलाया। यही वजह है कि आज के समय में हमें अक्सर लोगों द्वारा यह सुनने को मिलता है की अंग्रेजी शासन काल के दौरान ही आधुनिक भारत में इंडियन नेवी की स्थापना की गई थी, बल्कि स्थापना की बजाय विकास किया गया था। हिंदी में इंडियन नेवी को भारतीय नौसेना नाम से भी जाना जाता है।

### ऐसे बनाएं करियर

- अब तक आप भारतीय नौसेना के बारे में जान चुके हैं और अब भारतीय नौसेना में जाने का मन बना चुके हैं। तो आपको इंडियन नेवी में जाने से पहले विभिन्न प्रकार की जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए
- आपको यह पता होना चाहिए की कि आप भारतीय नेवी में जाने लायक है या नहीं क्योंकि यह एक ताकतवर फौज है।
- यहां पर विभिन्न प्रकार की योगिता निर्धारित की गई है। इन योग्यता के आधार पर ही चयन किया जाता है।
- अगर आप नौसेना में करियर बनाना चाहते हैं। तो पहले इसका पूरा गणित समझ लीजिए।

### शैक्षणिक योग्यता

- भारतीय नौसेना में यूपीएससी, एनडीए के द्धारा ली जाने वाली परीक्षा के आधार पर ही चयन किया जाता है।
- उम्मीदवार का मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल पास आउट होना चाहिए।
- इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ पास करने वाले उम्मीदवार भी इंडियन नेवी के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- अगर आपने कोई अच्छा कंप्यूटर कोर्स किया है, तो आपको इंडियन नेवी में चयनित होने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी।
- अगर आपको टेक्नोलॉजी का ज्ञान है और उसमें रुचि है तो इंडियन नेवी में आपका चयन आसान हो सकता है।
- इंडियन नेवी में आवेदन करने वालों का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है।
- इंडियन नेवी में आवेदन करने वालों का शारीरिक और मानसिक रूप से पूर्णता स्वस्थ होना चाहिए।
- भारतीय नौसेना में भर्ती के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष निर्धारित की गई है।
- इंडियन नेवी में अप्लाई करने वाले कैंडिडेट्स के लिए अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष तय की गई है।
- आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का मान्यता प्राप्त 10वीं अथवा 12वीं कक्षा पास होना जरूरी है।
- उम्मीदवार को दसवीं अथवा 12वीं कक्षा में कम से कम 50% अंक प्राप्त करने आवश्यक है।
- आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।
- आवेदन करने वाले पुरुष अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम शरीर की लंबाई 157 सेंटीमीटर तय की गई है।
- महिला आवेदकों के लिए शरीर की लंबाई 152 सेंटीमीटर होना जरूरी है।
- पुरुष अभ्यर्थियों के छाती का विस्तारित आकार 5 सेमी होना जरूरी है।
- महिलाओं के लिए इस तरह के छाती के विस्तारित आकार की कोई योग्यता निर्धारित नहीं की गई है।
- इंडियन नेवी के आवेदकों का शारीरिक परीक्षण किया जाता है उसमें पास होना जरूरी है।
- उम्मीदवार अंधा नहीं होना चाहिए, दोनों आंखों से बराबर देखने वाला होना चाहिए।
- उम्मीदवार का मानसिक और शारीरिक रूप से पूर्णतया स्वस्थ होना जरूरी है।

### इन प्रोसेस से गुजरना होगा

**इंडियन नेवी में भर्ती के लिए तीन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इन तीन प्रक्रियाओं के आधार पर जॉइनिंग की जाती है। वह इस प्रकार है।**

- लिखित परीक्षा
- फिटनेस टेस्ट
- मेडिकल चेकअप

इंडियन नेवी में भर्ती होने के लिए सबसे पहले परीक्षा देनी होता है जिसके लिए लिखित परीक्षा आयोजित करवाई जाती है। इस परीक्षा में पास होना जरूरी है। 12वीं कक्षा पास करने के बाद भी आप नेवी परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस परीक्षा के लिए भी एग्जाम पैटर्न और सिलेबस निर्धारित किया जाता है। अगर आप उसे अच्छी तरह से समझ लेते हैं, तो यह परीक्षा पास करना आपके लिए काफी आसान हो जाता है। बता देते हैं कि इंडियन नेवी में लिखित परीक्षा के तहत फिजिक्स, केमिस्ट्री, सामान्य ज्ञान, मैथ इंग्लिश, रिजनिंग इत्यादि विषय को सिलेबस के तहत निर्धारित किया गया है। इस परीक्षा में 100 अंकों के 100 प्रश्न पूछे जाते हैं तथा यह परीक्षा केवल 60 मिनट में देनी होती है, जो उम्मीदवार इस परीक्षा को पास कर लेते हैं उन्हें फिटनेस टेस्ट के लिए भेज दिया जाता है लेकिन जो फेल हो जाते हैं। उन्हें वापस अपने घर लौटना होता है जो उम्मीदवार दूसरे चरण के फिटनेस परीक्षा भी पास कर लेता है उन्हें तीसरे चरण की मेडिकल परीक्षा के लिए भेज दिया जाता है। यहां पर उम्मीदवार के शरीर का मेडिकल टेस्ट किया जाता है जिसमें यह देखा जाता है कि उम्मीदवार पूरी तरह से मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ है या नहीं। और शरीर के सभी अंग सही ढंग से काम करते हैं या नहीं। इस टेस्ट में पास होने वाले उम्मीदवारों को ट्रेनिंग के लिए भेज दिया जाता है। वे इस परीक्षा में पास हो जाते हैं और ट्रेनिंग के बाद उन्हें जॉइनिंग मिल जाती है।

# वर्तमान परिदृश्य में छात्रों के लिए समय का प्रभावी उपयोग करना बेहद जरूरी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज का समय, वह दौर है जो न केवल चुनौतियों से भरा है, बल्कि अनगिनत अवसरों का खजाना भी लेकर आया है। डिजिटल क्रांति, ऑनलाइन शिक्षा का विस्तार, और वैश्विक स्तर पर हो रहे बदलावों ने छात्रों के लिए नए रास्ते खोले हैं। लेकिन इसके साथ ही, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, भविष्य की अनिश्चितता और पढ़ाई का दबाव भी सामने आया है। ऐसे में, यह समय छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर है कि वे अपनी प्रतिभा को निखारें, अपने सपनों को पंख दें और अपने लक्ष्यों की ओर दृढ़ता से बढ़ें। यह लेख उन सभी छात्रों के लिए है जो इस परिदृश्य को समझकर समय का सर्वोत्तम उपयोग करना चाहते हैं और हर परिस्थिति में प्रेरित रहना चाहते हैं। समय एक ऐसी संपत्ति है जो कभी वापस नहीं आती, और छात्र जीवन वह दौर है जब आप इस संपत्ति को सही दिशा में निवेश करके अपने भविष्य को सुनहरा बना सकते हैं।

## डिजिटल युग ने शिक्षा को अधिक सुलभ बनाया

आइए, जानें कि इस समय का प्रभावी उपयोग कैसे करें और प्रेरणा की आग को कैसे जलाए रखें। सबसे पहले, हमें यह समझना होगा कि वर्तमान परिदृश्य को एक चुनौती के बजाय अवसर के रूप में देखना चाहिए। डिजिटल युग ने शिक्षा को पहले से कहीं अधिक सुलभ बना दिया है। यूट्यूब, कोर्सेरा, खान एकेडमी जैसे मंच मुफ्त या किफायती कोर्स प्रदान करते हैं, जिनके माध्यम से आप प्रोग्रामिंग, डिजिटल मार्केटिंग, डेटा एनालिसिस, या कोई अन्य कौशल सीख सकते हैं। ये कौशल न केवल आपके करियर को नई दिशा देंगे, बल्कि आपको आत्मविश्वास भी प्रदान करेंगे। इसके लिए एक लक्ष्य-आधारित योजना बनाना जरूरी है। अपने दीर्घकालिक लक्ष्य को छोटे-छोटे दैनिक लक्ष्यों में तोड़ें। उदाहरण के लिए, यदि आप इंजीनियरिंग या मेडिकल की तैयारी कर रहे हैं, तो रोजाना 1-2 घंटे किसी कठिन विषय को समर्पित करें। एक टाइम-टेबल बनाएँ, जिसमें पढ़ाई, कौशल विकास, और आत्म-देखभाल के लिए समय हो। इस अनुशासित दिनचर्या से आप समय की बर्बादी से बचेंगे और अपने लक्ष्यों के करीब पहुंचेंगे। लेकिन ध्यान रहे, सोशल मीडिया और अनावश्यक स्क्रॉलिंग समय के सबसे बड़े चोर हैं। अपने फोन पर स्क्रीन टाइम लिमिट सेट करें और पढ़ाई के दौरान नोटिफिकेशन बंद रखें। प्रेरणा वह शक्ति है जो आपको कठिनाइयों के बीच भी आगे बढ़ने का हौसला देती है। लेकिन प्रेरणा को बनाए रखना आसान नहीं है, खासकर तब जब असफलताएँ, तनाव, या नकारात्मक विचार आपके रास्ते में आएँ। प्रेरित रहने का पहला कदम है अपने ₹क्यों₹ को स्पष्ट करना। आप पढ़ाई क्यों कर रहे हैं? शायद आप अपने परिवार को गर्व महसूस कराना चाहते हैं, या एक बेहतर भविष्य का सपना देखते हैं। इस ₹क्यों₹ को एक कागज पर लिखें और अपनी स्टडी टेबल पर चिपकाएँ। यह आपको हर दिन याद दिलाएगा कि आपका लक्ष्य कितना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाएँ। एक कठिन चैप्टर पूरा किया? एक नया कॉन्सेप्ट समझा? खुद को शाबाशी दें यह छोटी जीत आत्मविश्वास की नींव बनाती हैं। प्रेरक स्रोतों से भी जुड़ें। स्वामी विवेकानंद, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जैसे महान व्यक्तियों की जीवनी पढ़ें, प्रेरक पॉडकास्ट सुनें, या यूट्यूब पर प्रेरणादायक वीडियो देखें। स्वामी विवेकानंद का यह कथन हमेशा याद रखें: ₹उठो, जागो और तब तक नहीं रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। साथ ही, अपने आसपास सकारात्मक माहौल बनाएँ।

## नकारात्मक लोगों से दूरी रखें

नकारात्मक लोगों से दूरी रखें और उन दोस्तों, शिक्षकों, या ऑनलाइन समुदायों से जुड़ें जो आपको प्रोत्साहित करें। चुनौतियां हर किसी के जीवन का हिस्सा हैं, और वर्तमान समय में ये चुनौतियाँ और भी जटिल हो सकती हैं। परीक्षा का दबाव, आर्थिक अनिश्चितता, या भविष्य की चिंता आपको विचलित कर सकती है। लेकिन इनका सामना करने के लिए आपको तनाव प्रबंधन की कला सीखनी होगी। रोज़ाना 5-10 मिनट ध्यान (मेडिटेशन) करें, गहरी सांस लें, या योग का अभ्यास करें। यह आपके दिमाग को शांत रखेगा और प्रेरणा को बनाए रखेगा। सकारात्मक आत्म-चर्चा भी एक शक्तिशाली हथियार है। मैं यह नहीं कर सकता की जगह कहें, मैं इसे सीख लूंगा। असफलता को डर के रूप में न देखें, बल्कि इसे एक शिक्षक के रूप में अपनाएं। हर असफलता आपको कुछ नया सिखाती है। थॉमस एडिसन ने बल्ब बनाने से पहले 1000 बार असफलता का सामना किया, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। आप भी हर बार गिरकर उठने की हिम्मत रखें। इसके अलावा, पढ़ाई के दौरान छोटे-छोटे ब्रेक लें। हर 45 मिनट की पढ़ाई के बाद 5 मिनट का ब्रेक आपके दिमाग को तरोताज़ा रखेगा। स्वास्थ्य को कभी नज़रअंदाज़ न करें, क्योंकि स्वस्थ शरीर और मन ही प्रेरणा का आधार हैं। रोज़ाना 20-30 मिनट व्यायाम करें, चाहे वह टहलना हो, योग हो, या कोई खेल। संतुलित आहार लें और पर्याप्त नींद लें। नींद की कमी आपके फोकस और प्रेरणा को कम कर सकती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** इलेक्ट्रॉन के तरंग प्रकृति की खोज किसने की थी
(ए) थॉमसन
(बी) डी ब्रोग्ली
(सी) रदरफोर्ड
(डी) बोहर

**2.** तत्व के सबसे छोटे भाग को क्या कहते हैं
(ए) परमाणु
(बी) इलेक्ट्रॉन
(सी) न्यूट्रॉन
(डी) प्रोटॉन

**3.** डॉल्टन के परमाणु सिद्धांत के अनुसार कौन सा सबसे छोटा कण स्वतन्त्र रूप से रह सकता है
(ए) अणु
(बी) परमाणु
(सी) धनायन
(डी) ऋणायन

**4.** किसी परमाणु का रासायनिक व्यवहार निर्भर करता है, उसके -
(ए) न्यूक्लियस में प्रोटानो की संख्या पर
(बी) न्यूक्लियस में न्युट्रानो की संख्या पर
(सी) न्यूक्लियस के गिर्द घुम रहे इलेक्ट्रॉनो की संख्या पर
(डी) न्यूक्लियस में न्युक्लियनो की संख्या पर

**5.** द्रव्यमान संख्या' किसका योग है ?
(ए) केवल प्रोटान
(बी) इलेक्ट्रॉन और प्रोटान
(सी) इलेक्ट्रॉन और न्यूट्रान
(डी) प्रोटान और न्यूट्रान

**6.** किसी परमाणु के द्रव्यमान और द्रव्यमान संख्या के अंतर को कहते हैं
(ए) परमाणु क्रमांक
(बी) परमाणु संख्या
(सी) द्रव्यमान क्षति
(डी) इलेट्रॉनों की संख्या

**7.** किस न्यूक्लियर कण में कोई द्रव्यमान और आवेश नही होता ,किन्तु प्रचक्रण होता है
(ए) इलेक्ट्रॉन
(बी) प्रोटॉन
(सी) न्यूट्रॉन
(डी) मेसॉन

उत्तर 1.(बी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(सी) 5.(डी) 6.(सी) 7.(सी)

## खबर संक्षेप

### शहीद उधम सिंह जैसे सपूत सदा याद रहेंगे

**गोहाना।** पिछडा एवं अनुसूचित समाज महासभा गोहाना द्वारा शहीद उधम सिंह की पुण्यतिथि पर गुढ़ा रोड स्थित बैकवर्ड भवन में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष शेर सिंह बेडवाल ने की। श्रद्धांजलि समारोह में महासभा के सदस्यों ने शहीद उधम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया।शेर सिंह बेडवाल ने कहा कि शहीद उधम सिंह देश के एक सच्चे सपूत थे। उनकी कुर्बानी को देश हमेशा याद रखेगा।

### नौकरी की सुरक्षा में देरी के खिलाफ 14-15 को हड़ताल

**सोनीपत।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के तहत एचएसवीपी परिसर सेक्टर-15 स्थित यूनियन कार्यालय में हुडा कर्मियों और कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच की आपात बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने की जबकि संचालन राज्य कोषाध्यक्ष महावीर नागर ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 11 से 13 अगस्त तक रोष प्रदर्शन किया जाएगा और 14-15 अगस्त को हड़ताल की जाएगी।

### विधायक-सांसदों पर भी लागू हो यूपीएस : यादव

**गोहाना।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आहवान पर कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए काली पट्टी बांधकर सरकार के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन किया। सर्व कर्मचारी संघ गोहाना इकाई के सचिव सुरेश यादव ने कहा कि अगर यूपीएस इतनी ही अच्छी है तो सरकार के मंत्री और विधायक इसे अपने ऊपर लागू क्यों नहीं करते। यादव ने बताया कि जो एनपीएस के कर्मचारी सेवानिवृत्त होते हैं उनकी पेंशन बुढ़ापा पेंशन से भी कम बनती है जो कि कर्मचारियों के साथ एक बहुत भद्दा मजाक है।

### गोपाल गोहाना हलका के अध्यक्ष नियुक्त

**गोहाना।** शुक्रवार को इनेलो गोहाना हलका की कार्यकारिणी गठित की गई। नवचयनित पदाधिकारियों को पार्टी जिला अध्यक्ष कुणाल गहलावत, राष्ट्रीय सदस्य ओमप्रकाश गोयल व प्रदेश सचिव कृष्ण मालिक ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।
कार्यकारिणी का गठन इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ विचारविमर्श करके किया गया।

### आधुनिक भारत निर्माता थे बाल गंगाधर तिलक

**गोहाना।** पुराना बस अड्डा गोहाना स्थित सत नगर में शनिवार को बाल गंगाधर तिलक की105वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने बाल गंगाधर तिलक के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। समारोह का मार्गदर्शन आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षण आजाद सिंह दांगी ने किया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा बाल गंगाधर तिलक स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, शिक्षक और विचारक थे।

### गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ पौधरोपण किया

**सोनीपत।** श्री राम सेवक संघ के संस्थापक अध्यक्ष अनिल सेठ के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में श्री राम सेवक संघ वृक्षारोपण कर रहा है। जिसका आरम्भ शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय, फाजिलपुर सोनीपत में हारश्रृंगार, गुलाब, चांदनी के पौधे रोपित किए गए। अनिल लूथरा, मनीष ट्री, रंजन सहगल के सानिध्य में विद्यालय की मुख्याध्यापिका, पूरा स्टाफ व विद्यार्थियों ने करतल ध्वनि सहित गायत्री मंत्रोच्चारण करते हुए रोपण किए।

### जिले के हर खंड में कानूनी सहायता क्लीनिक खुलेगा

**सोनीपत।** मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश अनुसार हर खंड में कानूनी सहायता क्लीनिक खोले जाएंगे। सचिव ने बताया कि अगस्त में हर बुधवार-रविवार को कानूनी सहायक व पीएलवी के नेतृत्व में क्लीनिक का संचालन किया जाएगा।

---

### यूनिफाइड पेंशन योजना का कर्मचारियों ने किया विरोध

# अधिकारियों-कर्मियों ने काला दिवस मनाया, पुरानी पेंशन बहाली की मांग

## पुरानी पेंशन योजना को ही पूर्ण सुरक्षा-सम्मानजनक सेवानिवृत्ति का माध्यम बताया

कर्मचारी काले कपड़े और काली पट्टी बांधकर लघु सचिवालय पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा सरकार द्वारा 1 अगस्त से लागू की गई यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) के विरोध में शुक्रवार को जिला सोनीपत के समस्त विभागों के कर्मचारियों व अधिकारियों ने पेंशन बहाली संघर्ष समिति (पीबीएसएस) के आह्वान पर काला दिवस मनाया। सभी विभागों के कर्मचारी काले कपड़े और काली पट्टी बांधकर लघु सचिवालय पहुंचे और पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग करते हुए सरकार को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों की भी भारी भागीदारी रही। कर्मचारियों और अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वे न तो न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) और न ही नई यूपीएस को स्वीकार करेंगे। उन्होंने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को ही पूर्ण सुरक्षा और सम्मानजनक सेवानिवृत्ति का माध्यम बताया। एनएमओपीएस के आईटी सैल प्रभारी और पीबीएसएस के प्रदेश मुख्य सलाहकार डॉ. प्रमोद ईष्टकान ने सरकार के फैसले की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यदि सरकार वास्तव में कर्मचारियों का हित चाहती है तो उन्हें ओपीएस का विकल्प भी दे। उन्होंने बताया कि यूपीएस में कई गंभीर खामियां हैं इसमें न पूर्ण पेंशन की गारंटी है, न जीपीएफ की सुविधा, न डीए का स्वतः समायोजन और न ही सेवा के बाद अंशदान की वापसी। डॉ. ईष्टकान ने कहा कि यूपीएस भी एनपीएस की तरह बाजार आधारित योजना है, जिसमें कर्मचारियों का भविष्य जोखिम में है और इसका उद्देश्य सिर्फ बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाना है। उन्होंने मांग की कि पुरानी पेंशन को ही बहाल किया जाए, ताकि कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित रहे और सरकार का पैसा जनहित के कार्यों में लगे। पीबीएसएस के प्रदेश उपाध्यक्ष देवराज बाल्यान ने सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि यदि सरकार यूपीएस को इतनी अच्छी योजना मानती है, तो पहले विधायकों और सांसदों पर इसे लागू करे, फिर कर्मचारियों पर थोपे। अन्यथा प्रदेशभर के कर्मचारी बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन में पीबीएसएस के जिला अध्यक्ष महेंद्र पाल और महासचिव अजय दहिया ने सभी कर्मचारियों और संगठनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब तक पुरानी पेंशन योजना बहाल नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इसके अलावा महिला विंग प्रभारी गीता राजपूत, राजकुमार, सह कोषाध्यक्ष राहुल आदि ने कर्मचारियों को संबोधित किया।



लघु सचिवालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

#### ये रहे मौजूद

हरियाणा कर्मचारी महासंघ, सलाह हरियाणा, सर्व कर्मचारी संघ, हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ, जीसीटीए हरियाणा, एसोसिएशन गवर्नमेंट फार्मेसिस्ट हरियाणा, होलिका अध्यापक संघ, ऑल सरकारी अर्ध सरकारी वाहन चालक संघ, नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन, एचएसबीसी वर्कर एसोसिएशन, डेमोक्रेटिक स्कूल एसोसिएशन, हरियाणा पब्लिक हेल्थ क्लेरिकल एसो, राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, हजरस हरियाणा, हसला हरियाणा, डिप्लोमा इंजीनियर्स एसो, हरियाणा ग्रुप डी संघर्ष विकास समिति, क्लेरिकल वर्कर एसो आदि संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए।

#### न्यूनतम वेतन 30 हजार प्रतिमाह करने की मांग

**सोनीपत।** हरियाणा में श्रमिकों के न्यूनतम वेतन के पुनर्निर्धारण की प्रक्रिया के तहत ऑल इंडिया यूनाइटेड ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एआईयूटीयूसी) ने श्रमायुक्त हरियाणा को ई-मेल के माध्यम से अपना प्रतिवेदन भेजा है। इसमें प्रदेश के अनुसूचित श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन 30,000 रुपये प्रतिमाह निर्धारित करने की मांग की गई है। एआईयूटीयूसी ने अपने दावे में कहा है कि श्रम विभाग द्वारा यह प्रक्रिया करीब 10 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद शुरू की गई है, जबकि श्रम कानूनों के अनुसार हर 5 साल में न्यूनतम वेतन का पुनर्निर्धारण आवश्यक है। संगठन का कहना है कि सरकार की इस लापरवाही के कारण प्रदेश के लाखों श्रमिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा, जबकि उद्योगपतियों और नियोक्ताओं को इसका सीधा लाभ मिला।
प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र मसीह ने बताया कि 18 जुलाई को गुरुग्राम में आयोजित न्यूनतम वेतन पुनर्निर्धारण कमेटी की बैठक में उन्होंने अपना पक्ष रखा था। उसी क्रम में आज प्रदेश सचिव हरिप्रकाश द्वारा विस्तृत लिखित प्रतिवेदन श्रमायुक्त को भेजा गया। प्रस्तावित प्रतिवेदन में मांग की गई है कि 1957 में हुई इंडियन लेबर कॉन्फ्रेंस के 15वें सत्र में तय किए गए मानकों और 1991 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जरूरतें और सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वेतन में 25 प्रतिशत अतिरिक्त जोड़ने के निर्देशों को आधार बनाकर श्रमिकों को 30,000 रुपये मासिक न्यूनतम वेतन दिया जाए। राज्य उपाध्यक्ष ईश्वर मसीह साठी ने बताया कि यह केवल मांग नहीं, बल्कि एक तार्किक और न्यायोचित अधिकार है।

---



**गन्नौर।** गोशाला के जिलाध्यक्ष सतपाल शर्मा अनुदान राशि की मांग को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन देते हुए। फोटो :हरिभूमि

# अनुदान राशि न मिलने पर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

- गोशालाओं को मिलने वाली चारा अनुदान राशि में भारी देरी हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गोशाला महासंघ के बैनर तले गन्नौर गढ़ी केसरी श्रीकृष्ण प्रणामी गौशाला के प्रधान व संघ के जिलाध्यक्ष सतपाल के नेतृत्व में उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गौशाला महासंघ के पदाधिकारी जिलाध्यक्ष कृष्ण राठी, जिला महासचिव रामेश्वर छौक्कर आदि ने मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में बताया कि सरकार द्वारा प्रदेश की गोशालाओं को सरकारी सहायता प्रत्येक गोशाला के हिसाब दी जाती है। बहुत सी गोशालओं को

हरा चारा अनुदान राशि समय पर न मिलने के कारण दर्जनों गौशालाएं चारे के संकट से जूझ रही है। गौशालाओं को मिलने वाली चारा अनुदान राशि में भारी देरी हो रही है। ज्ञापन में बताया कि 1 अगस्त 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक अभी तक जारी नहीं की गई है। साथ ही 1 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक की दूसरी किस्त की राशि भी नहीं मिली है। ज्ञापन में चिंता जताई कि वर्तमान में चारे और दवाइयों की कीमतें काफी बढ़ चुकी हैं। ऐसे में गौशालाओं को अपने नियमित संचालन में कठिनाई आ रही है। पशुओं के लिए चारा खरीदना, दवा उपचार, सफाई और देखभाल जैसे कार्यों पर असर पड़ रहा है। कई गौशालाएं चारे की कमी के कारण बाहरी सहयोग पर निर्भर हो रही हैं, जिससे गौमाता की सेवा बाधित हो रही है। गौशाला महासंघ ने मांग की है कि लंबित अनुदान राशियों को जल्द से जल्द जारी करे ताकि गौसेवा का कार्य सही तरीके से चल सके। गौशाला महासंघ ने ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री कार्यालय, पशुपालन विभाग तथा जिला उपायुक्त कार्यालय को भेजी। इस मौके पर विभिन्न गौशाला के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

---

# कांग्रेस की सोच केवल एक परिवार तक सीमित : अरुण

- भाजपा के लिए देश सर्वोपरि, देश के उत्थान के लिए बनाई योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य अरुण बड़ौक ने कहा कि कांग्रेस की सोच देशहित में न होकर परिवार हित में है। इसलिए कांग्रेस पार्टी केवल एक ही परिवार के बारे में सोचती है। कांग्रेस केवल एक ही परिवार की पार्टी बनकर रह गई है। जबकि भाजपा के लिए देश सर्वप्रथम है। इसीलिए भाजपा देश व देश के लोगों के बारे में सोचती है। इसलिए भाजपा ने देशहित में अनेक



योजनाएं बनाई हैं। अरुण बड़ौक ने कहा कि कांग्रेस देश की सेना की कार्रवाई पर भी प्रश्नचिह्न लगाने से पीछे नहीं हटती। जो पार्टी सैन्य कार्रवाई पर सवाल उठा सकती है वह देशहित के बारे में सोच भी नहीं सकती। अरुण बड़ौक ने कहा कि भाजपा की सोच कांग्रेस के बिल्कुल उलट है। जहां कांग्रेस केवल एक परिवार की पार्टी है जबकि वहीं भाजपा एक राष्ट्रवादी विचारों की पार्टी है। पिछले दिनों पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। कांग्रेस ने उस पर भी सवाल उठाए। अब हमारी सेना ने पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को मिट्टी में मिला दिया जो आतंकवाद व उसको समर्थन करने वालों को करारा जवाब है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पष्ट किया है देश में आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

---

# जनता दरबार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं को सीधे सुनना और उसका समाधान सुनिश्चित करना : गहलावत

- विधायक ने दिए जनता दरबार में अधिकारियों को समाधान के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत ने अपने आवास पर जनता दरबार लगाकर सभी की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनमें से अधिकांश का मौके पर ही समाधान करवाया। जनता दरबार में बिजली, पानी, सड़क, पेंशन, और राजस्व विभाग से संबंधित कई मामले सामने आए। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए और सुनिश्चित किया कि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े। कुछ मामलों में, विधायक ने अधिकारियों को जल्द से जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत करने और समाधान निकालने के निर्देश दिए। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं को सीधे सुनना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि हल्के के हर व्यक्ति को बिना किसी परेशानी के न्याय मिले। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दें और लोगों की शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निवारण करें। विधायक ने कहा कि नाहरी गांव की बेटी रिया को लेफ्टिनेंट पद पर चयनित होने पर बधाई दी। कृष्णा गहलावत जी ने कहा कि आज बेटियां बेटों से कम नहीं है बेटियाँ अगर ठान ले तो हर मुकाम हासिल कर सकती है। इस अवसर पर जसपाल आंतिल, कुलदीप ठेकेदार, कुलदीप नागल, दीपक मुकीमपुर, सतेंद्र त्यागी नरेश सरपंच खुर्मपुर, नरेंद्र खेवड़ा, नाहरी, प्रमोद, अमरजीत, मनोज नाहरा, अमित नाहरा, नरेन नाहरी, मुकेश सरपंच असदपुर, महेश त्यागी आदि मौजूद रहे।



विधायक कृष्णा नाहरी गांव की बेटी रिया को लेफ्टिनेंट पद पर चयनित होने पर बधाई देते हुए ।

---



समारोह में संत-महात्माओं से आशीर्वाद प्राप्त करते विधायक इंदुराज नरवाल।

#### बच्चों को संस्कृति का महत्व समझाएं

**गोहाना।** गांव कासंडा स्थित श्रवंगी धाम में सिद्ध बाबा ब्रह्मलीन बुधगिरी महाराज जी की पुण्यतिथि (बरसी) पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में शुक्रवार को बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल उर्फ भालू ने पहुंचकर संत-महात्माओं से आशीर्वाद लिया। श्रीमद् भागवत कथा 27 जुलाई से शुरू हुई थी और 3 अगस्त को भंडारे के साथ इसका समापन होगा। विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी वास्तविक पहचान है। अपनी पहचान को बनाए रखने व अपने सांस्कृतिक मूल्यों को आने वाली पीढ़ियों तक तक पहुंचाने के लिए अपने बच्चों को अपनी संस्कृति के महत्व के बारे में समझाएं। समारोह में श्री श्री 1008 महंत बाबा भलेगिरी जी महाराज सहित अनेक संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में आचार्य शिवगिरी ने प्रवचनों से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। समारोह की अध्यक्षता धाम के संचालक अष्टकौशल अजय गिरी जी महाराज ने की। विधायक ने समारोह में संत-महात्माओं से आशीर्वाद प्राप्त किया।

---

# पर्यावरण सरंक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर बार एसो. द्वारा वीरवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया । जिसमें परिवार न्यायालय की न्यायधीश एसीजे सीनियर डिवीजन ललिता पाटवर्धन ने, सीनियर डिविजन न्यायधीश मानसी गौड़ व जूनियर डिविजन न्याधीश सागर शर्मा ने त्रिवेणी का पौधा लगाकर अधिवक्ताओं के सहयोग से पौधारोपण किया। अभियान के दौरान न्यायधीशों का बार एसोसिएशन के प्रधान गौरव त्यागी व एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन, वकील, न्यायिक स्टाफ व अन्य ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न प्रकार के छायादार, औषधीय व फलदार पौधे रोपे। परिवार न्यायालय की जज ललिता पाटवर्धन ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। पौधारोपण न केवल पृथ्वी को हरा-भरा बनाता है बल्कि हमें शुद्ध हवा, छाया, फल व औषधीय गुण भी प्रदान करता है। आज जो पेड़ हम लगा रहे हैं, वही हमारी आने वाली पीढ़ियों की सांसें बचाएंगे। सीनियर डिविजन जज मानसी गौड़ ने कहा कि अदालतों का उद्देश्य केवल न्याय देना नहीं है, बल्कि सामाजिक जागरूकता में भी भागीदारी निभाना है।



न्यायधीश ए.सी.जे सीनियर डिवीजन ललिता पाटवर्धन ने, सीनियर डिविजन न्यायधीश मानसी गौड़ व जूनियर डिविजन न्याधीश सागर शर्मा त्रिवेणी लगाते।

---



**गन्नौर।** प्रतियोगिता के दौरान छात्र बनाए गए मुखौटा को दिखाते हुए।

#### छात्रों ने आकर्षक मुखौटे बनाए

**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल गन्नौर में विद्यार्थियों के लिए एक रचनात्मक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने मुखौटा निर्माण किए। प्रधानाचार्य जयभारत गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्धेश्य छात्रों की रचनात्मकता, कल्पनाशक्ति और पर्यावरणीय जागरूकता को प्रोत्साहित करना था। छात्रों ने विभिन्न प्रकार के मुखौटे जानवरों के चेहरे, प्रकृति से प्रेरित रूप और सांस्कृतिक प्रतीक शामिल थे। रंग-बिरंगे मुखौटे और उनकी सुंदर सजावट ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में बाल वाटिका 1 से लेकर बाल वाटिका 3 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निर्णायिकों ने मुखौटों की सजावट, मौलिकता और संदेश को आधार बनाकर विजेताओं का चयन किया। बाल वाटिका 1 में मोक्ष ने प्रथम तथा प्रणव मलिक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बाल वाटिका 2 में देवांशी ने प्रथम तथा अनंत मलिक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बाल वाटिका 3 में रुद्र देशवाल ने प्रथम तथा लक्ष्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।




**खरखौदा।** प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी शिक्षकों के साथ।

#### राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन

**खरखौदा।** कल्पना चावला विद्यापीठ में अंतर्सदनीय राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के तीनों सदनों से तीन समूहों ने भाग लिया-पहले समूह से कक्षा चौथी व पांचवीं, दूसरे समूह से कक्षा छठी से आठवीं व तीसरे समूह से 9वीं से 11वीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का नेतृत्व अध्यापक बिजेंद्र हुड्डा ने किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की राखियों का निर्माण किया और उन्हें सजाने के लिए विभिन्न सामग्री का उपयोग किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा बिना बाजार के सामान का प्रयोग किया गया व बहुत ही सुंदर-सुंदर राखियां बनाईं। विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष वाघा बॉर्डर पर सैनिक भाई जो हमारे देश की रक्षा के लिए हमेशा दिन-रात तैयार रहते हैं, उनके लिए राखियां भेजी जाती हैं, ताकि जो फौजी भाई रक्षाबंधन के पर्व पर अपने घर नहीं पहुंच पाते हैं वो भी राखी बांध सके। निर्णायक मंडली में अध्यापिका पूनम, मीनू और बिजेंद्र हुड्डा रहे। निर्णायक मंडली ने विद्यार्थियों की रचनाओं का मूल्यांकन किया और विजेता विद्यार्थियों का चयन किया।

---

### लोगों का आरोप, कागजों को लेकर सही जानकारी नहीं दे रही कर्मचारी

# दस्तावेज सत्यापन में अव्यवस्था, लाभार्थी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत लाभार्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन का कार्य इन दिनों जारी है, लेकिन इस प्रक्रिया में अव्यवस्था और लचर प्रबंधन के चलते लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिला समाज कल्याण विभाग के निर्देशों के अनुसार यह सत्यापन उन लाभार्थियों के लिए किया जा रहा है जो पूर्व में लगाए गए शिविरों में उपस्थित नहीं हो सके थे।

पंचायत भवन सोनीपत में दस्तावेज जांच के लिए भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह से लाइन में लगे लोगों को कई घंटों तक इंतजार करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र से आए लाभार्थी ने बताया कि वह सुबह 9 बजे से दस्तावेज़ जमा करवाने के बावजूद दिनभर लाइन में खड़ा रहा है, लेकिन फिर उन्हें सोमवार को दोबारा आने के लिए कह दिया गया। वह इससे पहले तीन बार गांव में दस्तावेज़ जांच के लिए गया था, लेकिन अब उनकी बड़ी बेटी की वेरिफिकेशन के लिए मार्कशीट मांगी जा रही है। पुराने रिकॉर्ड निकलवाने में भी उन्हें खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। जुआं निवासी रोहताश व तिहाड़ कलां सुरेश ने आरोप लगाया कि उन्होंने पहले ही सभी आवश्यक दस्तावेज विभाग को उपलब्ध करवा दिए थे, फिर भी बार-बार बुलाया जा रहा है। इस प्रक्रिया में बुजुर्गों और दिव्यांग जनों को सबसे अधिक कठिनाई हो रही है। लंबी कतारें, गर्मी और बार-बार दस्तावेजों की मांग ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया जाए, ताकि पेंशन योजना का लाभ समय पर और बिना परेशानी के मिल सके।





# खबर संक्षेप

## वाहन चोरी मामले में आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सदर थाना सोनीपत पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नीरज उर्फ नीरू निवासी गांव रिढाऊ सोनीपत का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आरोपित के पास से पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद कर ली है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## जींद में होगा अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन

**सोनीपत।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा द्वारा आगामी 7 सितम्बर को महाराजा अग्रसेन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद में विवाह योग्य अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

सोनीपत जिले की जिम्मेदारी संभाल रहे वरिष्ठ कार्यकर्ता पवन गुप्ता ने कहा कि सम्मेलन को सफल बनाने हेतु हरियाणा व आसपास के राज्यों में 450 से ज्यादा स्थानों पर पंजीकरण केंद्र स्थापित किए गए है।

## मोहाना में राज्यस्तरीय रोजगार मेला पांच को

**सोनीपत।** जिला रोजगार अधिकारी सविता लांबा ने बताया कि जिला रोजगार विभाग पांच अगस्त को बीट्स कॉलेज, मोहाना में राज्यस्तरीय रोजगार मेले का आयोजन करने जा रहा है। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले का आयोजन बीट्स कॉलेज के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। जिसमें 20 कम्पनियां हिस्सा लेंगी। उन्होंने बताया रोजगार मेले में 18 से 35 वर्ष की आयु के युवा जिनकी शैक्षिणक योग्यता दसवीं, बारवीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई/डिप्लोमा व अन्य है वो भाग ले सकते है।

## पुलिस लाइन में मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि 15 अगस्त को पुलिस लाइन सोनीपत में जिला स्तर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने आम जनमानस का भी आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पर्व में जन-जन को भागीदारी करनी चाहिए।

▶▶ सोनीपत में चला ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम का संयुक्त अभियान

▶▶ बस स्टैंड, गांधी चौक और सेक्टर 14 रोड से हटाया गया अतिक्रमण

# अतिक्रमण हटाकर दी राहत दुकानदारों को थमाए नोटिस


अतिक्रमण हटवाते हुए पुलिस कर्मी।





### सख्ती की कमी और निगरानी के अभाव में दोबारा पनप रहा है अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

शहर में जाम की बड़ी वजह बने अवैध अतिक्रमण को लेकर ट्रैफिक पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को ट्रैफिक पुलिस ने नगर निगम की टीम के साथ मिलकर अभियान चलाते हुए अतिक्रमण पर प्रहार किया। शुक्रवार को बस स्टैंड, गांधी चौक और सेक्टर-14 रोड पर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे लगे ठेले, रेहड़ियां, दुकानों के आगे रखा सामान और अवैध रूप से खड़े वाहन हटवाए गए। ट्रैफिक इंचार्ज निरीक्षक देशराज ने अपनी टीम के साथ मोर्चा संभालते हुए अतिक्रमणकारियों को मौके पर ही नोटिस थमाए और दोबारा ऐसा करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

गौरतलब है कि इससे पहले भी ट्रैफिक पुलिस द्वारा ऐसे कई अभियान चलाए गए थे, लेकिन सख्ती की कमी और निगरानी के अभाव में दोबारा अतिक्रमण पनप जाता है। इस बार पुलिस सख्त रवैया अपनाते हुए लगातार कार्रवाई की रणनीति पर काम कर रही है। अभियान से आमजन को उम्मीदें हैं, क्योंकि समस्या बहुत बड़ी है। जिससे राहत मिलने पर आम आदमी को राहत भी बहुत बड़ी मिल सकती है।

### अतिक्रमण के कारण जाम हो गया आम

अभियान का सबसे ज्यादा असर उन स्थानों पर देखने को मिला जहां लंबे समय से अतिक्रमण के कारण जाम आम बात हो गई थी। गांधी चौक और सेक्टर-14 रोड जैसे व्यस्त इलाकों में लोगों को राह चलना मुश्किल हो रहा था। आए दिन लगने वाले जाम से स्कूली बच्चे, ऑफिस जाने वाले और आपातकालीन सेवाओं की गाड़ियां भी प्रभावित हो रही थीं।

### रेहड़ी संचालकों से वसूल रहे हैं किराया

पुलिस को इस दौरान जानकारी मिली कि कुछ दुकानदार रेहड़ी चालकों से किराया वसूल कर उन्हें सड़क पर लगाने की अनुमति दे रहे हैं। ऐसे लोगों की पहचान कर निगरानी शुरू कर दी गई है। ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में अगर दोबारा अतिक्रमण मिला तो सीधे जब्ती और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### आगे भी ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे

यह केवल एक दिन का अभियान नहीं है, आगे भी ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे। आम आदमी को चाहिये कि वे ट्रैफिक व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करें और अपने आस-पास अतिक्रमण न होने दें।
**-नरेंद्र कादयान, पुलिस उपायुक्त, ट्रैफिक, सोनीपत**

## आज 86 हजार किसानों के खातों में आएगी किसान निधि की 20वीं किस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- जिला सतरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त का वितरण 2 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तर प्रदेश के बनारस जिले के सेवापुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री किसानों को संबोधित भी करेंगे। योजना के तहत देश के करोड़ों किसानों की तरह सोनीपत जिले के किसानों को भी आर्थिक लाभ मिलेगा।

कृषि उपनिदेशक डॉ. पवन शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस किस्त के तहत सोनीपत जिले के 86,862 किसानों के बैंक खातों में कुल 17 करोड़ 77 लाख 24 हजार रुपये की राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) से सीधे हस्तांतरित की जाएगी। इस मौके पर जिला स्तरीय कार्यक्रम 2 अगस्त को सुबह 10:30 बजे जिला परिषद भवन में आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिले के 100 से 150 किसान भाग लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा होंगे। कार्यक्रम के दौरान किसान प्रधानमंत्री के लाइव संबोधन को स्क्रीन के माध्यम से देख सकेंगे। किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रति वर्ष 6,000 रुपये की सहायता तीन समान किस्तों में दी जाती है। इसका उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और खेती-किसानी में सहायता प्रदान करना है। योजना के तहत प्रत्येक किस्त 2,000 रुपये की होती है, जो पात्र किसानों के बैंक खातों में आएगी।

## बडौली के कार्यालय पर फ्री इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल जांच कैंप कल

- डॉ. श्वेता बोलीं, लोग ज्यादा से ज्यादा पहुंचकर लाभ उठाएं
- प्रदेश में सभी मंत्रियों और विधायकों के कार्यालयों पर आयोजित होंगे कैंप



**सोनीपत।** इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिकल काउंसिल हरियाणा (ईएचएमसीएचआर) प्रदेश में मेडिकल जांच कैंप लगाने जा रही है। इसकी शुरूआत 3 अगस्त यानी रविवार से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के सोनीपत स्थित कार्यालय से होगी। ईएचएमसीएचआर की वाइस चेयरमैन डॉ. श्वेता ने बताया कि मेडिकल जांच कैंप लगाने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि निःशुल्क इलेक्टो होम्योपैथी चिकित्सा शिविर मंत्रियों, विधायकों के कार्यालयों पर भी लगाए जाएंगे। इस कड़ी में पहला इलेक्टो होम्योपैथी चिकित्सा शिविर सोनीपत में प्रदेश भाजपा कार्यालय सेक्टर 15 हाउस नंबर 423 में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसमें रक्तचाप, मधुमेह, लिवर से जुड़ी बीमारियों का परामर्श, पेट व पाचन तंत्र संबंधी रोगों का इलाज, किडनी एवं पथरी संबंधी रोगों की सलाह व सर्दी-जुकाम, एलर्जी, त्वचा रोग और अन्य सामान्य बीमारियों की जांच व दवा वितरण किया जाएगा। दवा केडी फार्मा की तरफ से निःशुल्क प्रदान की जाएगी। इन शविरों का लक्ष्य इलेक्ट्रो होम्योपैथी तक लोगों की पहुंच को आसान बनाकर स्वास्थ्य लाभ पहुंचाना है।

## हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान ईकाई गठित

- डॉ. अशोक शर्मा संयोजक, डॉ. योगेंद्र शर्मा सह संयोजक बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत


**सोनीपत।** बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

गेटवे कैंपस में हिन्दू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान सोनीपत की इकाई का गठन किया गया। जिसमें संयोजक, सह संयोजक एवं प्रमुख, सह प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई। डॉ. अशोक शर्मा संयोजक, डॉ. योगेंद्र शर्मा सह संयोजक, सह प्रमुख डॉ. आरके गुप्ता, त्रिभुवन कौशिक, विद्यालय कार्य नीरज शर्मा, दीपक कुमार, महाविद्यालय कार्य डॉ. अमिक गर्ग, राजीव अग्रवाल, मैथ मंदिर धार्मिक कार्य पूनम राय, गीता कौशिक, सामाजिक कार्य रविंद्र दिलावर, तीर्थ राणा, एनजीओ सेवा कार्य अनिल गर्ग, सोशल एवं प्रिंट मीडिया कार्य योगेश जैन, सह प्रमुख पवन गुप्ता 'कुच्छल', प्रबुद्धजन एवं कारपोरेट संपर्क प्रमुख राकेश अग्रवाल, सह प्रमुख राजीव गुप्ता, सौरभ शर्मा को जिम्मेदारी दी गई। सेवा संस्थान सोनीपत इकाई द्वारा रविवार 14 अगस्त को गेटवे कैंपस में भारत वंदन-युवा अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें संघ प्रान्त प्रचारक सुरेंद्र उपस्थित रहेंगे।


**गन्नौर।** एसडीएम प्रवेश कादियान समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

**गन्नौर।** स्वतंत्रता दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने के उद्देश्य से एसडीएम प्रवेश कादियान ने वीरवार को सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की और कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। एसडीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय पर अपने-अपने विभाग से जुड़े कार्यों को पूर्ण करें और यह सुनिश्चित करें कि समारोह में किसी भी प्रकार की कोई कमी न रह जाए। बैठक के दौरान बताया गया कि 15 अगस्त का मुख्य समारोह गन्नौर नई अनाज मंडी में आयोजित किया जाएगा। समारोह की तैयारियों को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम की रिहर्सल 11 व 12 अगस्त को व फाईनल रिहर्सल 13 अगस्त को नई अनाज मंडी में होगी।

## विधायक ने 13 गलियों का किया शिलान्यास 1 करोड़ की लागत से होगा निर्माण : कादियान

- न्यू अप्रूव्ड माईचंद कॉलोनी की 13 गलियों का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर


**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने नारियल तोड़कर निर्माण कार्य का शिलान्यास करते हुए ।

शहर के वार्ड 7 स्थित न्यू अप्रूव्ड माईचंद कॉलोनी की 13 गलियों का शुक्रवार को हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने नारियल तोड़कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इन गलियों के निर्माण पर लगभग 1 करोड़ रुपए की लागत आएगी। गली निर्माण शुरू होने पर कॉलोनी के लोगों में काफी खुशी छा गई और उन्होंने विधायक कादियान का फूलमाला पहना कर स्वागत किया और आभार व्यक्त किया कि लंबे समय से चली आ रही उनकी मांग पूरी होने जा रही है।

विधायक कादियान ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। वे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार विकास कार्य करवा रहे है। उन्होंने अधिकारियों को स्वीकृत परियोजनाओं का काम तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ पूरे किए जाएंगे। जनता की सुविधाओं से जुड़ी कामों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य को समयबद्ध और मानक अनुरूप पूरा किया जाए। इस अवसर पर नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, नपा जेई अरविंद, पार्षद अंकित त्यागी, दिनेश अदलखा, वरुण जैन, टिंकू प्रधान, हरविंद्र त्यागी, अंकित मल्होत्रा, हरीश मदान आदि मौजूद रहे।

## दुकान से नकदी चोरी के में शामिल आरोपित काबू

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में दुकान से नकदी चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नंदलाल निवासी बिहार हाल में बहालगढ़ का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई थी। गांव लिवासपुर निवासी सुखबीर ने गत 27 जुलाई को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसने कॉलोनी में परचून की दुकान कर रखी है। हर रोज की तरह गत 23 जुलाई को दुकान के बंद करके दुकान के ऊपर बने घर में चला गया। किसी ने रात को दुकान के गले से एक लाख रुपये की राशि को चोरी कर लिया। दुकान व घर में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली तो एक युवक दुकान से चोरी करते हुए पाया गया। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के पास नवनिर्मित फुटओवर ब्रिज पर रैंप निर्माण अधूरा, मजदूर व दिव्यांग परेशान

- एनएचएआई के अधिकारियों को देना चाहिए इस तरफ ध्यान, लोगों की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर


**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेस 1 के गेट के पास जी टी रोड पर अधुरा पड़ा फुटओवरब्रिज के रैंप का निर्माण कार्य।

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के फेस एक के गेट के पास पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए फुटओवर ब्रिज के रैंप निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। जिससे दिव्यांग के अलावा अन्य लोग परेशान है। यह ब्रिज विशेष रूप से मजदूरों, स्थानीय कर्मचारियों और आम राहगीरों के लिए बनाया गया था ताकि व्यस्त हाईवे को पार करते समय उन्हें सुरक्षा मिल सके। लेकिन अब, ब्रिज से जुड़ा रैंप निर्माण, जो बुजुर्गों, विकलांगों और दोपहिया चालकों के लिए अत्यंत आवश्यक है, कई महीनों से अधूरा पड़ा है। फुटओवर ब्रिज हाईवे पर भारी ट्रैफिक और औद्योगिक वाहनों की अधिकता के चलते ब्रिज का पूर्ण लाभ तब तक नहीं मिल सकता जब तक इसके दोनों ओर रैंप निर्माण कार्य पूरा नहीं हो जाता। कंपनी में काम करने वाले मजदूर सुरेन्द्र, सतबीर ने बताया कि रैंप का काम जल्दी पूरा कर दिया जाए तो बुजुर्ग लोग, महिलाएं और विशेष रूप से स्कूटर व साइकिल चालकों को बहुत राहत मिलेगी। अभी उन्हें या तो ब्रिज की लंबी सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं या जान जोखिम में डालकर हाईवे पार करना पड़ता है। ज्ञात रहे कि एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) द्वारा फुटओवर ब्रिज के दोनों ओर रैंप निर्माण की योजना बनाई गई थी।

### कर्मचारियों को काम पूरा करने के दिए है आदेश

*एनएचएआई के प्रौजेक्ट प्रबंधक जगभूषण ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। कर्मचारियों को काम जल्दी पूरा करने के आदेश दे दिए है ताकि लोगों को सुविधा जल्द से जल्द मिल सके।*

## युवा सम्मान समारोह, मेधावियों को मिलेगा सम्मान: विधायक

- 15 अगस्त तक देवा एकेडमी गन्नौर में जमा कराएं 10वीं व 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन का रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



देवा सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी इस साल दो शैक्षणिक सत्रों के मेधावी छात्रों को एक साथ सम्मानित करेगी। संस्था संस्थापक एवं विधायक देवेंद्र कादियान की पहल पर गन्नौर में 6वां और 7वां युवा सम्मान समारोह बड़े स्तर पर आयोजित होगा। इसमें उन छात्रों को सम्मान मिलेगा, जिन्होंने 2023-24 और 2024-25 में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। विधायक कादियान ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य होनहार छात्रों को मंच देना है। समारोह में चयनित छात्रों को स्कूटी, टैबलेट और साइकिल जैसे इनाम दिए जाएंगे। मेधावी छात्र या उनके अभिभावक 15 अगस्त तक देवा एकेडमी, गन्नौर में दस्तावेज जमा कर सकते हैं। विधायक ने बताया कि 2024 के लिए चयन प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी थी। लेकिन आयोजन न हो पाने के कारण अब दोनों वर्षों का कार्यक्रम एक साथ किया जाएगा। समारोह की तारीख और स्थान की घोषणा जल्द की जाएगी। विधायक ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस मुहिम से जुड़ें और अपने बच्चों को इस मंच तक पहुंचाएं।

### विधायक निखिल मदान व मेयर राजीव जैन ने किया शुभारंभ

# 42 लाख की लागत से होंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत


**सोनीपत।** विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन साथ में भाजपा नेता नरेश वर्मा एवं अन्य।

शुक्रवार सुबह विधायक निखिल मदान ने मेयर राजीव जैन के साथ मिलकर लगभग 42 लाख रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस मौके पर सभी क्षेत्रवासियों ने विधायक और मेयर का फूल मालाओं से स्वागत किया।

विधायक निखिल मदान ने बताया कि 42 लाख रुपये की लागत से वार्ड नंबर 17 में आर्य नगर की शिव मंदिर वाली गली और अन्य ब्रांच गलियों को सी सी द्वारा किया जाएगा। इन गलियों में कुछ समय पहले दूषित जल भराव की समस्या को देखते हुए नई सीवरेज लाइन बिछाई गई थी। उसके पश्चात गली की हालत खस्ता हो गई थी। समस्या के संज्ञान में आने के बाद गली को पक्का करने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई थी। उसी कड़ी में आज गली को पक्का करने के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है। मेयर राजीव जैन ने कहा कि निगम क्षेत्र की ऐसी गलियों को चिन्हित किया गया है, जिन गलियों में सीवरेज अथवा पेयजल आपूर्ति के लिए पानी की पाइप लाइन बिछाई गई थी, और उसके बाद गली की मरम्मत नहीं की गई थी। ऐसी सभी गलियों की मरम्मत और निर्माण के लिए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। इस कार्य के पूरा होने से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और आवागमन सुगम होगा। इस अवसर पर निगम पार्षद नवीन तंवर, सतपाल, अनिल बजवान, अशोक शर्मा, उमेद सिंह, नरेश वर्मा, राकेश पोरिया, प्रवीण, दीपक, कृष्ण, प्रताप, सुशील, अजीत, राजेश, महेश, रामपाल, महावीर सुभाष, पवन तनेजा, संदीप मलिक, कुलदीप वत्स आदि मौजूद रहे।


**सोनीपत।** सीवर लाइन का जायजा लेते हुए मेयर राजीव जैन।

## बदली जाएगी 600 फुट सीवर लाइन

**सोनीपत।** कालूपुर, कीर्तिनगर तथा दहिया कॉलोनी की सीवरेज समस्या के स्थायी समाधान के लिए ठप हो चुकी 600 फुट लाइन बदली जाएगी और लाइन बदलने तक पम्प सेट के जरिये सीवर का पानी बाईपास करके ककरोई रोड स्थित सीवर लाइन में डाला जायेगा। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने पार्षद मोनिका नागर, एसडीओ देवेंद्र खासा तथा कनिष्ठ अभियंता सचिन शर्मा के साथ मौका देखने के बाद उक्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कालोनियों में कई माह से सीवर जाम की समस्या चल रही है, पूरी मशक्कत के बावजूद भी समाधान नहीं हो पा रहा था। राजीव जैन ने बताया कि पुलिस लाइन के पीछे प्रगति नगर में रोजाना हो रही सीवरेज जाम की समस्या से निपटने के लिए भी एक पंप रखवाया जायेगा ताकि विशेषकर बारिश के दिनों में सीवर ओवरफ्लो की समस्या से निजात मिल सके। दरअसल शुक्रवार को प्रगति नगर तथा कालूपुर की महिलाएं शिकायत लेकर निगम कार्यालय पहुंची थी जिसके बाद राजीव जैन अधिकारियों को साथ लेकर तुरंत मौके पर पहुंचे और समस्या के समाधान के निर्देश दिए।